नियत प्राधिकारी कार्यालय की पत्रावली के अवलोकन से अपीलांट के उक्त तर्क की पुष्टि नही होती है कि उन पर नोटिस की तामील विधिवत नहीं करायी गयी। विपरीत इसके शासकीय अधिवक्ता द्वारा अपीलांट पर नोटिस तामील होने के सम्बन्ध में जो तर्क प्रस्तुत किये गये है, वह नियत प्राधिकारी कार्यालय की पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्य से समर्थित है। नियत प्राधिकारी के कार्यालय से नोटिस जारी होने के उपरांत अपीलांट की संस्था सेन्ट मैरीज स्कूल की प्रधानाचार्या द्वारा दिनांक 24.07.2013 को उप जिलाधिकारी, मैनपुरी को पत्र प्रेषित कर स्वीकृत नक्शे के अनुसार निर्माण कराये जाने की जानकारी दी गई थी। संस्था की प्रधानाचार्या द्वारा प्रेषित उक्त पत्र से यह स्पष्ट है, कि संस्था/अपीलांट को नियत प्राधिकारी के समक्ष अपने विरूद्ध संचालित कार्यवाही की पूर्ण जानकारी थी। इसके बावजूद नियत प्राधिकारी द्वारा न्यायहित में पुनः संस्था पर पत्रवाहक के माध्यम से दिनांक 08.01.2016 को नोटिस निर्गत कर तामील के लिए भेजा गया, साथ ही पुनः संस्था पर पंजीकृत डाक से तथा चस्पा कर नोटिस तामील कराने हेतु निर्गत किये गये। पंजीकृत डाक से प्रेषित नोटिस प्रबन्धक के उपस्थित न मिलने के कारण कार्यालय में वापस प्राप्त हुआ। कार्यालय के लिपिक द्वारा दिनांक 24.02.2016 को अपीलांट संस्था के मुख्य द्वार, जो आश्रम रोड की ओर है, उस

कमशः पेज... 9 पर

पर 02 गवाहों की उपस्थिति में नोटिस चस्पा कर तामील करायी गई है। जिसकी फोटोग्राफ नियत प्राधिकारी की पत्रावली में कागज सं0–24 संलग्न है। इस प्रकार नोटिस विधिवत् तामील है एवं अपीलांट को सुनवाई का पूरा अवसर दिया गया है।

6- (ii) अपीलांट द्वारा अपनी अपील में यह तथ्य अंकित किया गया है कि उनके द्वारा गाटा संख्या–2924 में स्वीकृत मानचित्र दिनांक 08.01.2001 में दी गई शर्तो के आधार पर भवन निर्माण किया गया है, उनके द्वारा किसी भी शर्त का उल्लघंन नहीं किया गया है। अपीलांट के विद्वान अधिवक्ता द्वारा अपने तर्क में भी इस तथ्य पर जोर देते हुये कहा गया कि अपीलांट द्वारा गाटा संख्या– 2924 में स्वीकृत नक्शे के आधार पर निर्माण कराया गया है। मानचित्र में दी गई किसी भी शर्त का उल्लघंन नहीं किया गया है। शासकीय अधिवक्ता द्वारा प्रतिउत्तर में तर्क प्रस्तुत किये गये कि ग्राम मैनपुरी देहात स्थित गाटा संख्या–2924 मैनपुरी महायोजना में कृषि हरित पट्टिका भू–उपयोग के अंतर्गत आता है जिस पर केवल डेयरी भवन स्थापित करने हेतु मानचित्र नियत प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया गया था। गाटा संख्या–2920 एवं 2922 बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के अंतर्गत होने के कारण इन पर निर्माण हेतु नियत प्राधिकारी द्वारा नक्शा स्वीकृत नहीं किया गया। गाटा संख्या–2924 में अपीलांट द्वारा स्वीकृत मानचित्र के विपरीत शर्तो का उल्लघंन करते हुये मिल्क डेयरी भवन के स्थान पर बहुमंजिल भवन निर्मित कर विद्यालय संचालित किया जा रहा है। शासकीय अधिवक्ता द्वारा इस सम्बन्ध में अपीलांट के योजनाबद्ध कपटपूर्ण आचरण एवं उसके साफ मन एवं स्वच्छ भाव से प्रक्रिया का पालन न करने की स्थिति पर बल देते हुए AIR 1994 S.C. पेज 853 पर प्रकाशित एस0पी0सी0 नायडू बनाम जगन्नाथ और अन्य में पारित आदेश का उल्लेख किया गया।

नियत प्राधिकारी कार्यालय की पत्रावली एवं अपीलीय पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि नियत प्राधिकारी कार्यालय से गाटा संख्या – 2924 में, जोकि महायोजना के अंतर्गत कृषि हरित पट्टिका के अंतर्गत आता है, सहयुक्त नियोजक, संभागीय नियोजन खण्ड, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0 नगर निगम भवन, आगरा–2 के पत्र संख्या : 62/मै0म0यो0/आगरा/99–2000 दिनांक 29.01.2000 द्वारा प्रदत्त अनापत्ति के उपरांत मिल्क डेयरी भवन हेतु स्वीकृत किया गया था। इस गाटे में मिल्क डेयरी हेतु स्वीकृत मानचित्र के विपरीत बहुमंजिला भवन निर्मित कराया गया है, जिसके सम्बन्ध में अपीलांट इस प्रकार का कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सके कि गाटा संख्या–2924 में उन्हें बहुमंजिला भवन निर्मित करने हेतु मानचित्र स्वीकृत किया गया हो। इसके अतिरिक्त गाटा संख्या – 2920 व 2922 बिल्कुल ईसन नदी के किनारे स्थित है, जिसमें बहुमंजिला भवन निर्माण किया जाना अवैध है। भू–खण्ड सं0–2920 एवं 2922 मैनपुरी महायोजना में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के अंतर्गत है, जिनमें निर्माण निषिद्ध है,पर अवैधानिक ढंग से बहुमंजिल भवन अपीलांट द्वारा निर्मित कराया गया है।

क्रमशः पेज ...

विद्वान शासकीय अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत विधि व्यवस्था के सुसंगत अंश पर विचार किया गया, जो निम्नवत् है:—

"the judicial process should not become an engine of fraud in the hand of dishonest litigants. The Courts of Law are meant for imparting justice between the parties. One who comes to the Court must come with clean hands. We are constrained to say that more often than not, process of the Court is being abused. Property grabbers, tax evaders, bank loan dodgers and other unscrupulous persons from all walks of life find the Court process a convenient lever to regain the illegal gains indefinitely. We have no hesitation to say that a person whose case is based on falsehood, has no right to approach the Court. He can we summarily thrown out at any stage of litigation.

माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रतिपादित उक्त व्यवस्था पर विचार करने से यह स्पष्ट होता है कि पक्षकारों को साफ मन एवं स्वच्छ भाव (Clean hands) से प्रक्रियाओं का पालन करते हुये न्यायालय अथवा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष अपनी बात रखनी चाहिए। इस प्रकरण में उभयपक्षों द्वारा प्रस्तुत तर्को, साक्ष्यों एवं पत्रावली के अवलोकन से यह निर्विवाद है कि अपीलांट द्वारा भू–खण्ड सं0–2924 में डेयरी हेतु मानचित्र स्वीकृत कराया गया था। डेयरी निर्माण के सम्बन्ध में अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निम्नवत् कथन किया गया है:— "........ the appellants constructed the building strictly in consonance with the sanction map, however, Milk Dairy could not be established as the requisite assets, cattle, plant, machinery and finance could not be arranged." इस कथन के माध्यम से अपीलांट द्वारा यह स्वीकार कर लिया गया है कि उसके द्वारा डेयरी निर्माण का प्रयास नही किया गया। यदि अपीलांट विधि का पालन करने वाला साफ मन एवं स्वच्छ भाव वाला होता तो यह देखते हुये कि (1) नक्शा डेयरी संचालन के लिए पास हुआ है तथा महायोजना में इसके अतिरिक्त कोई कार्य किया जाना विधि सम्मत नहीं है (2) विद्यालय भवन जैसे निर्माण से नदी के कटान आदि से बच्चों का जीवन संकटग्रस्त हो सकता है, वह डेयरी भवन के बजाय विद्यालय भवन का निर्माण न करता। डेयरी के लिए पास नक्शे पर विद्यालय भवन बनवाया गया एवं वर्ष 2012 में सी0बी0एस0ई0 से 2.502 एकड़ कुल क्षेत्रफल एवं 57,544 वर्ग फीट क्षेत्रफल में निर्माण के आधार पर मान्यता भी प्राप्त की गई। इस पूरी प्रकिया से शासकीय अधिवक्ता के इस तर्क की पुष्टि होती है कि आरंभ से ही कपट पूर्ण योजना के अंतर्गत पूरी प्रकिया अपनायी गयी है। इस प्रकार माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रतिपादित उक्त व्यवस्था के आलोक में अपीलांट का पक्ष साफ मन एवं स्वच्छ भाव (Clean hands) से प्रस्तुत किया जाना पूरी प्रकिया के किसी भी स्तर पर नही पाया जाता है, निर्माण विधि विरूद्ध है तथा अनावश्यक

कमशः पेज..... 10 पर

तकनीकी दलीलों एवं तर्कों के सहारे उसे बचाने का प्रयास किया जा रहा है, जो विधिमान्य नहीं है।

6- (iii) अपीलांट द्वारा अपील में उल्लेख किया गया है, कि नियत प्राधिकारी द्वारा प्रकिया का पालन नहीं किया गया है इस सम्बन्ध में उनके अधिवक्ता द्वारा तर्क प्रस्तुत करते हुये कहा गया कि आर0बी0ओ0 एक्ट, 1958 में फार्म 'ए', फार्म 'बी', फार्म 'सी' एवं फार्म 'डी' कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में उल्लिखित है। इस प्रकरण में नियत प्राधिकारी द्वारा फार्म 'बी' में निर्धारित प्रपत्र पर कारण बताओ नोटिस अपीलांट को दिये बगैर कार्यवाही कर गिराने का नोटिस फार्म 'सी' जारी कर दिया गया है। प्रति उत्तर में शासकीय अधिवक्ता द्वारा कहा गया कि अपीलांट को निर्धारित प्रारूप पर कारण बताओ नोटिस (प्रपत्र 'ख') निर्गत किया गया है जिसकी विधिवत तामील अपीलांट पर नियत प्राधिकारी कार्यालय से कराई गई है।

पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि नियत प्राधिकारी द्वारा विधिवत (प्रपत्र 'ख') कारण बताओ नोटिस दिनांक 27.06.2013 को निर्गत किया गया है। इस नोटिस की तामील विधिवत अपीलांट के भवन/विद्यालय के मुख्य द्वार पर चस्पा दिनांक 24.06.2016 को कराये जाने का साक्ष्य उपलब्ध है। साथ ही इस नोटिस के तामील होने के उपरांत अपीलांट द्वारा अपना लिखित जबाव भी दिनांक 10.03.2016 को उप जिलाधिकारी/नियत प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। इस प्रकार अपीलांट का यह तर्क सुसंगत एवं साक्ष्य से समर्थित नहीं है कि उस पर फार्म 'बी' (प्रपत्र 'ख') कारण बताओ नोटिस विधिवत तामील नहीं हुआ है। फार्म 'बी' (प्रपत्र 'ख') में कारण बताओ नोटिस जारी होने के उपरांत सुनवाई का पूरा अवसर देकर विधिवत एवं विधि सम्मत आदेश नियत प्राधिकारी द्वारा पारित किया गया है।

6- (iv) अपीलांट द्वारा अपील में उल्लेख किया गया है कि अपीलांट द्वारा वर्ष 2001 में स्वीकृत नक्शे जिसे वर्ष 2007 तक नवीनीकृत किया गया है, में दी गई शर्त के अनुसार निर्धारित समयावधि में भवन निर्माण स्वीकृत मानचित्र के अनुसार पूर्ण कर लिया गया था। तब से लेकर वर्ष 2013 तक उसके निर्माण पर कोई आपत्ति प्रतिपक्ष द्वारा नहीं की गई। इस प्रकार 16 वर्ष बाद धारा–10 के अंतर्गत उसके विरूद्ध की गई कार्यवाही अन्याय पूर्ण एवं principles of estoppel and acquiescence के सिद्धान्त से बाधित है। प्रति उत्तर में शासकीय अधिवक्ता द्वारा तर्क प्रस्तुत करते हुये कहा गया कि अपीलांट को केवल गाटा संख्या–2924 में मिल्क डेयरी के निर्माण हेतु मानचित्र स्वीकृत किया गया था, परन्तु अपीलांट द्वारा मिल्क डेयरी भवन निर्मित न करके उसके स्थान पर बहुमंजिला भवन निर्मित किया गया है। गाटा संख्या – 2920 एवं 2922 में निर्माण हेतु अपीलांट द्वारा नक्शा स्वीकृत कराये जाने

क्रमशः पेज.....12 पर

का साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया गया है। इस प्रकार इन गाटों में पूर्णतः नक्शा स्वीकृत कराये बगैर निर्माण कराया गया है। पत्रावली के अवलोकन एवं अपीलांट द्वारा प्रस्तुत अपील में लिये गये आधार से यह स्पष्ट है कि अपीलांट महायोजना में अनुमन्य भू–उपयोग का घोर उल्लघंन करते हुये निर्माण किया गया है। शिकायत में प्रकरण संज्ञान में आने पर तत्कालीन जिलाधिकारी द्वारा दिनांक 18.06.2012 को नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र/उप जिलाधिकारी मैनपुरी को जॉच कर कार्यवाही किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। अपीलांट द्वारा जो तकनीकी दलीलें अपने पक्ष में दी जा रही हैं उसके सम्बन्ध में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रतिपादित व्यवस्था के आलोक में विस्तृत विवेचना पूर्व के प्रस्तरों में की जा चुकी है। अपीलांट द्वारा कपट पूर्ण एवं योजनाबद्ध तरीके से निर्माण कार्य कराया गया है। इससे स्पष्ट है, कि अपीलांट के विरूद्ध समयान्तर्गत कार्यवाही प्रारंभ की गई है जो principles of estoppel and acquiescence के सिद्धान्त से बाधित नहीं है।

6- (v) अपील में उल्लेख है, कि संस्था द्वारा नगरपालिका को म्युनिसपल टैक्स एवं विद्युत विभाग को बिजली के उपभोग का बिल दिया जाता है। इस सम्बन्ध में शासकीय अधिवक्ता द्वारा कहा गया कि म्युनिसपल टैक्स एवं विद्युत विभाग को बिजली के उपभोग का बिल संस्था द्वारा अदा किये जाने का अपीलांट के विरूद्ध की कार्यवाही पर कोई प्रभाव नहीं है। संस्था द्वारा म्युनिसपल टैक्स एवं विद्युत विभाग को बिजली के उपभोग का बिल अदा किये जाने से अपीलांट द्वारा किया गया निर्माण वैध नहीं हो सकता है और न ही यह बिन्दु इस अपील की सुनवाई में विचारणीय है। कोई भी अवैध निर्माण विद्युत संयोजन अथवा नगरपालिका का टैक्स अदा कर वैध निर्माण की श्रेणी में नही आ सकता। इस प्रकार अपीलांट द्वारा प्रस्तुत यह आधार भी अविधिक एवं बलहीन होने से अमान्य है।

6- (vi) अपील में उल्लेख किया गया है कि कोई विशिष्ट शिकायतकर्ता संस्था को नुकसान पहुॅचाने के लिए कार्य कर रहा था तथा वाद में उसकी सुनवाई की जा रही थी तथा वाद की कार्यवाही नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्तों का उल्लघंन करते हुये प्रचलित की गई थी तथा वाद निर्णीत किया गया था। इस सम्बन्ध में शासकीय अधिवक्ता द्वारा नियंत्रक प्राधिकारी सभा के समक्ष यह कहा गया कि अवैध निर्माण की सूचना कोई भी नागरिक दे सकता है, इससे किसी प्रकिया का कोई उल्लघंन नही होता है। नियत प्राधिकारी ने दिनांक 04.07.2016 को आदेश पारित करने के पूर्व विधिवत नोटिस एवं सुनवाई का अवसर देने के उपरांत तथा अपीलांट द्वारा नियत प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत लिखित जबाव में उल्लिखित समस्त तथ्यों एवं पत्रावली पर उपलब्ध समग्र साक्ष्य का विवेचन करने के उपरांत विधि संगत आदेश पारित किया, है।

कमशः पेज......13 पर

नियत प्राधिकारी एवं अपीलीय कार्यालय की पत्रावली, उभयपक्षों के तर्क, प्रस्तुत की गई विधि व्यवस्था आदि के उक्तानुसार विवेचना से स्पष्ट है कि अपीलांट को अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु पर्याप्त अवसर नियत प्राधिकारी द्वारा प्रदान किया गया था। नियत प्राधिकारी द्वारा दिनांक 04.07.2016 को वाद संख्या 14/2013 सरकार बनाम श्री दीपक जी दास में समस्त तथ्यों एवं पत्रावली पर उपलब्ध समग्र साक्ष्य का विवेचन करने के उपरांत विधि संगत आदेश पारित किया गया है, जिसमें किसी प्रकार की त्रुटि स्थापित करने में अपीलांट सफल नही हुये है। उपलब्ध साक्ष्यों से यह स्पष्ट है कि निर्माण ईसन नदी के बिल्कुल किनारे पर विधि विरूद्ध तरीके से एवं महायोजना के भू–उपयोग प्रस्ताव के विपरीत किया गया है। शासकीय अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रतिपादित विधि व्यवस्था इस प्रकरण में पूर्णतः लागू होती है। अपीलांट द्वारा हर स्तर पर योजनाबद्ध कपट पूर्ण प्रकिया अपनाते हुये निर्माण कियां गया है। नियंत्रक प्राधिकारी सभा द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अपीलांट द्वारा प्रस्तुत अपील बलहीन होने के कारण निरस्त किये जाने योग्य है।

## आदेश

उपरोक्त विवेचना के आधार पर आदेश हुआ कि अपीलांट नियत प्राधिकारी के आदेश में किसी प्रकार की त्रुटि स्थापित करने में असफल रहे हैं। नियत प्राधिकारी द्वारा पारित आदेश विधि सम्मत है। अपील वास्तविक तथ्यों के विपरीत एवं बलहीन होने के कारण निरस्त की जाती है।

30/8/19
(प्रमोद कुमार उपाध्याय)
अध्यक्ष, नियंत्रक प्राधिकारी, विनियमित क्षेत्र/
जिलाधिकारी, मैनपुरी।

**Court No. - 6**

**Case :-** WRIT - C No. - 34256 of 2019

**Petitioner :-** St. Mary S School Ashram Road Mainpuri And Another
**Respondent :-** State Of U.P. And 5 Others
**Counsel for Petitioner :-** Anurag Dubey
**Counsel for Respondent :-** C.S.C.,Prashant Tiwari

**Hon'ble Yashwant Varma,J.**

The petitioners administer an educational institution which is affiliated with CBSE. It is stated to impart education up to the 12th standard to as many as 3800 students. The orders impugned have been passed under the provisions of the U.P. Regulations of Building Operation Act 1958 ["the 1958 Act"]. There is a serious and disturbing question with respect to the manner in which the educational institution is alleged to have come up. It is the admitted case of the petitioner that he had applied for sanction of a map for establishment of a dairy. Though that map was sanctioned, the dairy never came to be established. In its place, the present educational institution was constructed and is being run. The respondents in the impugned order allege that the construction has been raised in an area which is marked for a Green Belt and on the banks of a river, thus falling in an area which is flood prone. It is also alleged that no sanction or permission was obtained for the purpose of construction and establishment of an education institution. The findings so recorded are assailed by Sri Tiwari, learned counsel who contends that till date no Zonal Plan has been prepared for the area which may indicate or establish that the situation of the institution is in a Green Belt. He further submits that the allegations that the institution is in a flood prone area, is incorrect. He has referred to some photographs and other materials in the course of oral submissions to submit that no river exists adjacent to the institution at present and that the allegation that the structural safety of the building is at risk is clearly incorrect.

From the recordal of the facts, the Court notes that the undisputed position which emerges is that no sanction was obtained for the purposes of construction of an educational institution. That leaves the Court no alternative but to assume that no evaluation with respect to its structural safety, fire safety and other

S.D.M. (CITY)

applicable building norms was undertaken. At least no such material has presently been placed on the record. The Court however at this stage is constrained to place in the balance the interest of 3800 students as well as their safety and security. On the other hand, if the orders of demolition were to be permitted to operate, it would be clearly put their education in jeopardy. However and at the same time, the Court cannot lost sight of the fact that a three storey structure which is presently being used as a school for 3800 students, has been permitted by the respondents to come up over a period of time without any exercise of diligence and scrutiny having been undertaken. Consequently, the following interim directions are hereby issued.

The Prescribed Authority as well as the District Magistrate who acts in the capacity of the Controlling Authority under the provisions of the 1958 Act, shall jointly constitute a team of qualified engineers and other allied staff which shall inspect the building in question and submit a report with respect to its structural safety and it being in compliance with other applicable building norms. The building shall also be inspected from the angle of fire safety since it is being run as an educational institution. Since the institution is stated to be closed for Diwali vacations between 26 to 29 of October 2019, it would be expedient that this exercise is concluded while the institution is still shut, so that the activities of the students are not hindered or hampered. The report may thereafter be placed on the record of this writ petition on or before the next date fixed.

Include in the additional cause list of 11 November 2019. Till that date, the respondents are restrained from taking any further steps for demolition of the structure in question.

**Order Date :-** 24.10.2019
Vivek Kr.

S.D.M (CITY)

# कार्यालय नियत प्राधिकारी/ उप जिलाधिकारी,
## विनियमित क्षेत्र, मैनपुरी।

वाद संख्या- 06 दिनांक 28.01.2019 धारा- 10 उ0प्र0 (निर्माण कार्य विनियमन) अधिनियम 1958

सरकार बनाम श्रीमती विजय कुमारी पत्नी श्री सतीशचन्द्र यादव, नि0- 05/378, आवास विकास मैनपुरी। ग्राम- अकुड़ोइया, तह0 व जिला मैनपुरी।

## -:निर्णय:-

अवर अभियंता विनियमित क्षेत्र, मैनपुरी द्वारा दिनांक 28.01.2019 को श्रीमती विजय कुमारी पत्नी श्री सतीशचन्द्र यादव, नि0- 05/378, आवास विकास मैनपुरी द्वारा शिकोहाबाद-भोगाँव मार्ग निकट ईसन नदी पुल, गाटा सं0 75, मौजा अकडोइया मैनपुरी देहात, तहसील व जिला मैनपुरी में निर्मित बहुमंजिल व्यवसायिक भवन के भूतल से पाँच मंजिल तक भवन के सम्बंध में प्रपत्र-"घ" अनाधिकृत निर्माण के सम्बंध में प्रतिवेदन देते हुए निर्माणकर्ता के विरुद्ध उ0प्र0 (निर्माण कार्य विनियमन) अधिनियम 1958 की धारा 10 के अन्तर्गत "कारण बताओ नोटिस" (प्रपत्र-ख) जारी करने की संस्तुति की गयी। अवर अभियंता की प्रतिवेदन आख्या के आधार पर "कारण बताओ नोटिस" संख्या- 06 वि0क्षे0 मैनपुरी/2019 दिनांक 28.01.2019 निर्माणकर्ती के विरुद्ध निर्गत करते हुए सुनवाई की तिथि दिनांक 20.02.2019 नियत की गयी। "कारण बताओ नोटिस" (प्रपत्र-ख) निर्माण कर्ती के पते पर पंजीकृत डाक से दिनांक 06.02.2019 को भेजा गया तथा व्यक्तिगत रूप से संसूचित करके कार्यालय द्वारा दिनांक 18.02.2019 को नोटिस तामील कराया गया। नियत तिथि 20.02.2019 पर निर्माणकर्ती सुनवाई के समय उपस्थित हुई तथा लेखित प्रार्थना-पत्र देकर अपने जवाब दावा में बताया गया कि उन्होंने वाणिज्यिक विकास शुल्क जमा करके मानचित्र संख्या 493 में दिनांक 16.08.2012 को भवन निर्माण अनुज्ञा स्वीकृति प्रमाण-पत्र प्राप्त किया था। अनुमति प्राप्त करने के पश्चात् ही भवन का निर्माण कराया था। जवाबदावा के साथ भवन निर्माण अनुज्ञा का स्वीकृति प्रमाण-पत्र की छायाप्रति भी प्रेषित की गयी थी। पीठासीन अधिकारी के अन्य कार्यों में व्यस्त होने के कारण दिनांक 20.02.2019 को सुनवाई सम्पन्न नहीं हुई तथा सुनवाई के लिए तिथि 13.03.2019 नियत की गयी। दिनांक 13.03.2019 को निर्माणकर्ती उपस्थित रही लेकिन पीठासीन अधिकारी के आवश्यक कार्य से मुख्यालय से बाहर होने के कारण सुनवाई न हो सकी तथा आगामी सुनवाई तिथि 25.03.2019 की गयी। इसी प्रकार सुनवाई की तिथि 04.04.2019, 17.04.2019, 24.04.2019, 30.04.2019, 14.05.2019, 24.05.2019 व 26.06.2019 नियत की गयी, लेकिन नियत तिथियों पर प्रतिवादी अनुपस्थित रही हैं। अन्तिम तिथि दिनांक 03.07.2019 के लिये नियत की गयी। आज दिनांक 03.07.2019 को सुनवाई के समय प्रतिवादी अनुपस्थित है। कार्यालय की उपलब्ध पत्रावली का अवलोकन किया गया तथा अवर अभियंता की प्रतिवेदन आख्या का भी अवलोकन किया गया। अवलोकन से निम्न तथ्य स्पष्ट होते हैं-

नियत प्राधिकारी/एस०डी०एम० मैनपुरी (उ०प्र०) कार्यालय विनियमित क्षेत्र मैनपुरी

1- श्रीमती विजय कुमारी का व्यवसायिक भवन गाटा सं0 75, मौजा अकडोइया, तह0 व जिला मैनपुरी शिकोहाबाद-भोगाँव मार्ग के किनारे ईसन नदी पुल के निकट बहुमंजिल में निर्मित है। भवन लगभग 80" x100" माप में भूतल से पाँच मंजिल तक निर्मित है। अवर अभियंता की प्रतिवेदन आख्यानुसार भवन वर्तमान भौतिक स्वरूप में विद्यमान है।

2- अवर अभियंता की प्रतिवेदन आख्या के साथ प्रेषित विवरणों में उल्लेख किया गया है कि सहयुक्त नियोजक महोदय, आगरा सम्भागीय नियोजन खण्ड, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के कार्यालय पत्रांक 818/नि0प्र0/आगरा खण्ड/2017-18 दिनांक 26.05.2017 में दी गयी सूचना के क्रम में शिकोहाबाद-भोगाँव मार्ग मैनपुरी महायोजना 2001 में 30 मीटर चौड़ाई में प्रस्तावित की गयी है। मार्गाधिकार सुरक्षित रखने के बाद खसरा संख्या 75, मौजा अकडोइया का भू-उपयोग मैनपुरी महायोजना में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के अन्तर्गत पड़ता है। जहाँ पर किसी भी प्रकार का निर्माण अनुमन्य नहीं है।

3- सहयुक्त नियोजक आगरा से प्राप्त सूचना पत्रांक 818/नि0प्र0/आगरा खण्ड/2017-18 दिनांक 26.05.2017 के अवलोकन से स्पष्ट है कि निर्माणकर्ता को कार्यालय से पत्रावली संख्या 493 में दी गयी स्वीकृति दिनांक 16.08.2012 मैनपुरी महायोजना 2001 के निर्धारित भू-उपयोग के विपरीत है। स्थल महायोजना के प्रस्तावों में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के अन्तर्गत है, जबकि स्थल पर व्यावसायिक भवन निर्मित कराया गया है।

4- "कारण बताओ नोटिस" की प्रथम सुनवाई की तिथि पर प्रेषित जवाब दावा में केवल भवन निर्माण अनुज्ञा की स्वीकृति प्रमाण-पत्र की छायाप्रति ही प्राप्त करायी गयी है। विस्तृत प्रस्तावों का स्वीकृत मानचित्र नहीं दिया गया है।

5- भवन निर्माण लगभग 80" x100" माप में भूतल से पाँच मंजिल तक व्यावसायिक रूप में निर्मित है। सभी मंजिलों का आच्छादित क्षेत्रफल पृथक-पृथक मंजिल का आच्छादित क्षेत्रफल जोड़कर 250वर्गमी0 से अधिक है। उ0प्र0 (निर्माण कार्य विनियमन) नियमावली 1985 के नियम 12(7) के प्राविधानानुसार मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक उ0प्र0 अथवा उनके द्वारा तन्निमित्त सम्यक् रूप से प्राधिकृत नाम निर्देशिती द्वारा अनापत्ति प्रमाण-पत्र के बाद ही स्वीकृति नियत प्राधिकारी द्वारा दी जा सकती है।

6- अवर अभियंता ने अपनी आख्या में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि सहयुक्त नियोजक आगरा, जोकि 250वर्गमी0 से अधिक आच्छादित क्षेत्रफल के प्रस्ताव पर प्राधिकृत अधिकारी एन0ओ0सी0 देने के लिए नामित हैं, के कार्यालय से इस निर्माण पर अनापत्ति नहीं दी गयी है।

7- श्रीमती विजय कुमारी का बहुमंजिल भवन कार्यालय से स्वीकृत प्रस्तावों के अनुरूप नहीं है। उक्त के कारण ही स्वीकृत मानचित्र निर्माणकर्ता द्वारा प्राप्त नहीं कराया जा रहा है।

8- कार्यालय नियत प्राधिकारी, विनियमित क्षेत्र, मैनपुरी के पत्रांक 1803/वि0क्षे0 मैनपुरी/2017-18 दिनांक 15.04.2017 द्वारा निर्माणकर्ता को लिखित पत्र निर्गत करके स्वीकृत मानचित्र पत्रावली संख्या 493 स्वीकृति दिनांक 16.08.2012 के अधीन दी गयी स्वीकृति का मानचित्र माँगा गया था। उक्त पत्र निर्माणकर्ता के एडवोकेट द्वारा दिनांक 18.04.2017 को कार्यालय से प्राप्त किया। पत्र में

कार्यालय नियत प्राधिकारी/एस0डी0एम0 मैनपुरी (उ0प्र0) विनियमित क्षेत्र मैनपुरी

स्पष्ट उल्लेख किया गया था कि कार्यालय की पत्रावली किन्हीं कारणों से उपलब्ध नहीं है। उक्त स्थिति में मूल अथवा छायाप्रति में निर्माण की जाँच के लिए स्वीकृत मानचित्र प्राप्त करायें।

9- कार्यालय की लिखित सूचना पर निर्माणकर्ता ने स्वीकृति प्रपत्र का प्रमाण-पत्र, विकास शुल्क जमा कराने की रशीद, आवेदन-पत्र व अन्य दस्तावेज उपलब्ध कराये, लेकिन स्वीकृत मानचित्र प्राप्त नहीं कराया गया है जिससे स्पष्ट होता है कि स्वीकृत प्रस्तावों के विपरीत तथा स्वीकृत मानचित्र से अधिक आच्छादित क्षेत्रफल में बहुमंजिल व्यवसायिक भवन निर्मित कराने के कारण ही मानचित्र माँगे जाने के बावजूद प्रस्तुत नहीं किया गया है।

10- अवर अभियंता की प्रतिवेदन आख्या में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि कार्यालय से कपट से स्वीकृति प्राप्त की गयी है। सहयुक्त नियोजक आगरा से प्राप्त लिखित सूचना से स्पष्ट है कि स्वीकृति स्थल बाढ़ प्रभावित क्षेत्र सीमा में है। मानचित्र स्वीकृति से पूर्व विकास शुल्क जमा नहीं कराया गया, जबकि ऐसा किया जाना अनिवार्य था। वस्तुतः मानचित्र स्वीकृति का दिनांक 16.08.2012 है जबकि विकास शुल्क जमा करने का दिनांक 28.09.2012 दर्शाया गया है। स्वीकृति नियम विरुद्ध एवं मैनपुरी महायोजना के प्रस्तावों के विपरीत दी गयी है, जिसके लिए दोषी कर्मियों के विरुद्ध कार्यवाही प्रचलित है।

अतः भवन मानचित्र की पत्रावली संख्या 493 अन्तर्गत दिनांक 16.08.2012 को कपटपूर्ण ढंग से प्राप्त की गयी स्वीकृति निरस्त किया जाना तथा व्यावसायिक सम्पूर्ण भवन सभी मंजिलों तक ध्वस्त कराया जाना विधि सम्मत होगा।

## -:आदेश:-

उपरोक्त विवेचना के आधार पर गाटा संख्या 75, मौजा अकडोइया मैनपुरी देहात, तह0 व जिला मैनपुरी की सीमा अन्तर्गत शिकोहाबाद-भोगाँव मार्ग निकट ईसन नदी पुल मैनपुरी में निर्मित व्यावसायिक बहुमंजिल भवन की पूर्व में कपट के आधार पर दी गयी स्वीकृति मानचित्र संख्या 493 दिनांक 16.08.2012 तत्काल प्रभाव से निरस्त की जाती है तथा "कारण बताओ नोटिस" में वर्णित निर्माण को गिराने का आदेश पारित किया जाता है। निर्माणकर्ता के विरुद्ध प्रपत्र-ग "गिराये जाने का नोटिस" निर्गत किया जाए। निर्धारित समय सीमा में निर्माणकर्ता द्वारा व्यावसायिक भवन स्वतः ध्वस्त न कराने की स्थिति में नियमानुसार विभागीय पद्धति से ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाए। पत्रावली बाद अनुपालन दाखिल दफ्तर हो।

दिनांक- 03.07.2019

3/7/19

(रजनी कान्त)
नियत प्राधिकारी /उप जिलाधिकारी,
विनियमित क्षेत्र, मैनपुरी

कार्यालय नियत प्राधिकारी/एस०डी०एम० मैनपुरी (उ०प्र०) विनियमित क्षेत्र मैनपुरी

(105)



"VERIFIED"
CNR Number 05/00/0192017
Details of Case 05, 00/17
24-9-20

UPMP050018192017

न्यायालय Civil Judge (Sr.Dr), Mainpuri

पीठासीन अधिकारी- (AMIT MISHRA), (उ0प्र0 न्यायिक सेवा ) -

UP02085

मूलवाद सं० – Original Suit/897/2017

मूल वाद संख्या-88/2017

विजय कुमारी वनाम उत्तर प्रदेश सरकार आदि

19.09.2020

निस्तारण प्रार्थना पत्र 6 ग 2

पत्रावली वास्ते आदेशार्थ प्रार्थना पत्र 6 ग प्रस्तुत उभयपक्ष के विद्वान अधिवक्ता के तर्क को सुना जा चुका है।

प्रार्थना पत्र 6 ग पर बल देते हुए वादी के विद्वान अधिवक्ता द्वारा कथन किया गया है कि वादिया ने एक किता गाटा संख्या-75 रकवा 0.388 हैक्टेयर जो कि मौजा अकुड्इया परगना तहसील व जिला मैनपुरी में स्थित है, जिसकी चौहददी तरफ पूरब सड़क पुख्ता भोगांव शिकोहाबाद मार्ग पश्चिम पक्का सीसी रास्ता 14 फीट तरफ उत्तर भूमि सुखवीर व सुनील कुमार तरफ दक्षिण राजस्व ग्राम अकुडया भूखण्ड 75 में अन्य व्यक्ति की भूमि का बैनामा सुशील कुमार पुत्र श्री वीरराज सिंह निवासी डी0एन. नगर राधारमण रोड मैनपुरी व अजयराज सिंह पुत्र श्री चरन दास निवासी अवंध नगर शहर व जिला मैनपुरी से बैनामा दिनॉकित 26.08.2009 को वही संख्या-1 जिल्द संख्या-3412 पृष्ठ संख्या-149 से 166 पर क्रमांक 6590 निर्धारित प्रतिफल देकर अपने हक में कराया था। उक्त बैनामा के दिनांक से वादिनी मालिक काबिज व दखीलकार है। उक्त गाटा को न्यायालय उपजिलाधिकारी मैनपुरी द्वारा आदेश दिनांक 02.01.2004 को 143 एल.आर. एक्ट के तहत आबादी एवं व्यसायिक जमीन घोषित किया गया। उक्त भूमि आवासीय भूमि है जिस पर वादिनी ने कार्यालय नियत प्राधिकारी के कार्यालय को व्यवसायिक भवन बनाये जाने हेतु नक्शा पास कराने हेतु आवेदन निर्धारित शुल्क जमा करके प्रस्तुत किया तथा नक्शा पास हो जाने के बाद नक्से के मुताबिक वादिनी द्वारा उक्त भूमि पर भवन निर्माण विधिवत नक्सा के आधार पर कराया गया तब से वादिनी बदस्तूर व्यवसायिक भवन का

इस्तेमाल करती चली आ रही है। उक्त निर्माण के बाद से अब तक करीब तीन वर्ष व्यतीत हो चुके है, किसी प्रकार का प्रशासन द्वारा वादिनी को कोई नोटिस या किसी प्रकार की कार्यवाही आदि की सूचना नहीं दी गयी परन्तु विद्वेष पूर्ण तरीके से वादिनी व उसके पति से रजिश मानने वाले कुछ अराजक तत्वों ने बेजा वादिनी को तंग व परेशान करने की गरज से प्रशासन को गुमराह करके झूठे आरोप लगाते हुए प्रतिवादी संख्या-1 को झूठे तथ्यों को दिखाते हुए प्रार्थना पत्र दिया जिस पर प्रतिवादी संख्या-1 द्वारा प्रतिवादी संख्या-2 को जांच के आदेश दिये गये है। प्रतिवादी संख्या-2 व 1 पूर्णरूपेण राजनीति से प्रेरित होकर वादिनी को नुकसान पहुंचाने के अभिप्राय से कुछ अराजक राजनैतिक तत्वों के इशारें पर जॉच कर वादिनी को नुकसान पहुँचाने की कोशिस में है। वादिनी ने प्रतिवादीगण से हरचन्द कहा व कहलवाया कि भवन से सम्बन्धित सारी कागजात सम्बन्धित कार्यालयों में उपलब्ध है तथा सभी नियम व आदेशों के मुताबिक उक्त भवन का निर्माण कराया गया है परन्तु प्रतिवादीगण जानबूझकर वादिनी को तंग व परेशान करके भवन को तहस नहस कर खुर्द बुर्द कर देना चाहते है। वाद का कारण बिना किसी नोटिस दिये वादिनी के उक्त भवन पर प्रतिवादी संख्या-1 द्वारा प्रतिवादी संख्या-2 को दिये गये जांच आदेश से उत्पन्न हुआ जो कि माननीय न्यायालय की सीमा क्षेत्र के अन्तर्गत है , जिसे सुनने व निर्णय करने का पूर्ण अधिकार प्राप्त है। प्रथम दृष्टया सुविधा का सन्तुलन वादिनी के पक्ष में है तथा दौरान वाद अस्थाई निषेधाज्ञा जारी होने से प्रतिवादीगण की कोई हानि नहीं है जब कि जारी न होने से वादिनी की महान हानि व अपूर्तिनीय क्षति हो जावेगी। उपरोक्त कथनों के आधार पर वादी द्वारा प्रश्नगत सम्पत्ति पर विरूद्ध प्रतिवादीगण अन्तरिम व्यादेश निर्गत किये जाने का निवेदन किया गया। प्रार्थना पत्र के समर्थन में शपथ पत्र 7 ग 2 प्रस्तुत किया गया ।

प्रतिवादीगण की ओर से प्रार्थना पत्र 6 ग के विरूद्ध आपत्ति कागज संख्या- 25 क समर्थित शपथ पत्र 26 ग इन कथनों की प्रस्तुत की गयी है कि प्रार्थना पत्र गलत एवं झूठे तथ्यों के आधार पर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, वादिनी द्वारा कराया गया कथित बैनामा गाटा संख्या-75 रकवा 0.388 हैक्टेयर मोजा अकुडुईया परगना तहसील व जिला मैनपुरी महज कृषि हेतु कराया गया था, इस बैनामा में उसके द्वारा यह कतई दर्शित नहीं किया गया है कि इस बाढ़ क्षेत्र वाली भूमि पर वह होटल अथवा शापिग माल का निर्माण करायेगी। उसके द्वारा शासन एवं प्रशासन को गुमराह करके अपनी राजनैतिक पहुँच का अनुचित लाभ उठाकर गलत

रूप से इस पांच मजिल भवन का निर्माण करा लिया है, चूँकि उक्त भूमि वाढग्रस्त क्षेत्र में स्थित में है इस कारण कभी भी कोई गमीर हादसा होने के प्रबल सम्भावना बनी रहेगी, जिससे भारी जनहानि होने की भी प्रबल सम्भावना हो सकती है। मैनपुरी महायोजना के अंतर्गत चिन्हित किए गये बाढ प्रभावित क्षेत्र में सभी प्रकार के स्थाई निर्माण को निषिद्व किया गया है, यह क्षेत्र केवल कृषि से सम्बन्धित व अनुसांगिक उपयोग एवं शमसान स्थल, कृषि सचालन हेतु अस्थायी आवास एवं सार्वजनिक उपयोगिताओं हेतु ही प्रयोग किया जा सकता है। इन चिन्हित बाढ प्रभावित क्षेत्र में आवासीय, वाणिज्यक भारी एवं वृहद उपयोग हानिकारण एंव संकटमय उद्योग स्थापित करने की स्पष्ट रूप से शासन के द्वारा अनुमति नहीं दी गयी है और न कानूनन दी जासकती है और यदि विधि विरूद्व कोई आदेश हासिल भी किए गये है तो उसका कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। वादिनी का व्यवसायिक भवन गाटा संख्या–75 मौजा अकुडुईया तहसील व जिला मैनपुरी शिकोहाबाद भोगांव मार्ग के किनारे ईसन नदी पुल के निकट वहुमजिंल निर्मित है, भवन लगभग 80 गुणित 100 फीट माप में भूतल से पॉच मंजिल तक निर्मित है तथा सह आयुक्त नियोजक आगरा, सम्भागीय नियोजन खण्ड नगर एंव ग्राम नियोजन विभाग के आदेशानुसार शिकोहाबाद भोगांव मॉर्ग मैनपुरी महायोजना 2001 में तीस मीटर चैडाई में प्रस्तावित की गयी है। मार्गाधिकार सुरक्षित रखने हेतु वाद खसरा संख्या–75 मौजा अकुडुइया का भू उपयोग मैनपुरी महायोजना में वाढ प्रभावित क्षेत्र के अंतगर्त पड़ता है। जहॉ पर किसी प्रकार निर्माण अनुमन्य नहीं है। उपरोक्त गाटा संख्या–75 मौजा अकडुईया परगना तहसील व जिला मैनपुरी मे भवन निर्माण लगभग 80 फुट गुणित 100 फुट माप में भूतल में पॉच मजिल तक व्यसायिक रूप से विधि विरूद्व निर्मित है, सभी मंजिली का आक्षादित क्षेत्रफल प्रथक प्रथक मंजिल का आक्षादित क्षेत्रफल जोड कर 250 वर्गमीटर से अधिक है, उत्तर प्रदेश निर्माण कार्य विनियम नियमावली 1985 के नियम 12(7) के प्रावधानानुसार मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजन उत्तर प्रदेश अथवा उनके द्वारा अनापित्त प्रमाण पत्र के बाद ही स्वीकृत नियम प्राधिकारी द्वारा जा सकती है जब कि वादिनी को ऐसा कोई अनापत्ति सम्बन्धित प्राधिकारी से प्रदान ही नहीं की गयी है। वादिनी ने नियत प्राधिकारी/उपजिलाधिकारी विनियमित क्षेत्र मैनपुरी के न्यायालय में स्वीकृत प्रपत्र का प्रमाण पत्र, विकास शुल्क जमा रसीद आवेदन पत्र व अन्य दस्तावेज उपलब्ध कराये लेकिन स्वीकृत मानचित्र प्रस्तुत नहीं कियां गया है जिससे यह स्पष्ट है कि स्वीकृत प्रस्तावों के विपरीत तथा स्वीकृत मानचित्र से अधिक

न्यायालय सिविल जज व सेशन जज मैनपुरी उत्तर प्रदेश

(107)



आक्षादित क्षेत्रफल में बहुमंजिल भवन निर्माण कराने के कारण ही मानचित्र प्रस्तुत नहीं किया गया। वादिया द्वारा सम्बन्धित कार्यालय से कपटपूर्ण स्वीकृत प्राप्त नही की गयी जब कि ऐसा किया जाना अनिवार्य था, धारा-7क उत्तर प्रदेष (निर्माण कार्य विनियमन) अधिनियम 1958 के अनुसार नियत प्राधिकारी को यह समाधान हो जाये कि ऐसी अनुमति किसी तात्विक दुव्पदेशन अथवा किसी कपटपूर्ण अभिकथन अथवा सूचना किए अथवा दिये जाने के फलस्वरूप प्रदान की गयी थी तो नियम प्राधिकारी अभिलिखित कारणों से ऐसी अनुमति के बिना किया गया समझा जायेगा। इससे स्पष्ट है किं वादिनी द्वारा बिना अनुमति के निर्माण किया गया। नियत प्राधिकारी/उपजिलाधिकारी विनियमित क्षेत्र मैनपुरी द्वारा दिनांक 03.07.2019 को आदेश पारित किया गया है कि उक्त व्यवसायिक भवन बहुमंजिल भवन कपट पूर्वक आधार पर दी गयी स्वीकृत मानचित्र संख्या-493 दिनांक 16.08.2012 तत्काल प्रभाव से निरस्त की जाती है तथा गिराने का आदेश पारित किया जाता है। नोटिस निर्गत किया जावे, निर्धारित समय सीमा में निर्माणकर्ता द्वारा व्यासायिक भवन स्वत ध्वस्त न कराने की स्थिति में निमयानुसार विभागीय पद्वति से कार्यवाही की जाये। वादिनी द्वारा उपरोक्त तथ्यों को छिपाया गया है तथा वादिनी का कोई प्रथम दृष्टया केस नहीं बनता है तथा सुविधा सन्तुलन वादिनी के पक्ष में नहीं है तथा प्रार्थना पत्र 6ग वादिनी निरस्त किये जाने का निवेदन प्रतिवादीगण की ओर से उपरोक्त कथनों के आधार पर किया गया।

प्रतिवादीगण की ओर से आपत्ति कागज संख्या-29ग प्रस्तुत करते हुए पूर्व में प्रस्तुत आपत्ति कागज संख्या-25 में वर्णित तथ्यों को पुनः वर्णित करते हुए कहा गया है कि वादिनी द्वारा कराया गया कथित बैनामा गाटा संख्या-75 रकवा 0.388 हेक्टेयर मौजा अकुड्इया परगना तहसील व जिला मैनपुरी महज कृषि कार्य हेतु कराया गया था, इस बैनामा में उसके द्वारा यह कतई दर्शित नहीं कया गया कि इस बाढग्रस्त क्षेत्र वाली भूमि पर वह होटल अथवा शापिग माल का निर्माण करायेगी, उसके द्वारा गलत रूप से पॉच मंजिल भवन का निर्माण कराया लिया गया है, चूँकि उक्त भूमि बाढ प्रभावित क्षेत्र में स्थित है, इस कारण कभी भी कोई गम्भीर हादसा होने की प्रबल सम्भावना बनी रहेगी। जिससे भारी जनहानि होने की प्रबल सम्भावना हो सकती है। मैनपुरी महायोजना के अंतगर्त चिन्हित किए गये बाढ प्रभावित क्षेत्र में सभी प्रकार के स्थायी निर्माण की निषिद्व किया गया है, यह क्षेत्र कृषि सम्बन्धित व अनुसांगिक उग्योग एवं शमसान स्थल, कृषि संचालन हेतु अस्थायी

आवास एवं सार्वजनिक उपयोगिताओं हेतु प्रयोग किया जा सकता है। इन चिन्हित बाढ प्रभावित क्षेत्र में आवासीय, वाणिज्यक भारी एंव बृहद उद्योग हानिकारक एवं सकटमय उद्योग स्थापित करने की स्पष्ट रूप से शासन के द्वारा अनुमति नहीं दी गयी और न कानूनन दी जा सकती है और यदि विधि विरूद्व कोई आदेश हासिल भी किए गये है तो उसका कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। उपरोक्त वर्णित तथ्यों के आधार पर वादिनी का आवेदन निरस्त किये जाने का निवेदन प्रतिवादीगण की ओर से किया गया।

वादिनी की ओर से कागज संख्या–३४ग२ प्रति आपत्ति प्रस्तुत की गयी है।

वादी पक्ष द्वारा प्रार्थना पत्र 6 ग में वर्णित तथ्यों के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य के रूप में फर्द सबूत 10 ग 11 के माध्यम से प्रमाणित प्रति बैनामा दिनॉकित 26.08.2009 व प्रमाणित छाया प्रति बैनामा दिनॉकित 26.08.2009, प्रमाणित प्रति छाया प्रति बैनामा दिनॉकित 27.09.2012 प्रमाणित छाया प्रति बैनामा दिनॉकित 29.11.2012, पत्रांक 1803 कार्यालय नियत प्राधिकारी, पत्रांक छाया प्रति कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी दिनॉकित 12.04.2017 को प्रस्तुत किया गया। फर्द सबूत कागज संख्या–19 ग के माध्यम से एक किता असल बैनामा दिनॉकित 28.09.2012 सुग्रीव सिंह आदि वहक विजय कुमारी, एक किता असल बैनामा दिनॉकित 26.08.2019 सुषील कुमार आदि वहक विजय कुमारी, एक किता असल बैनामा दिनॉकित 26.08.2019 सुग्रीव सिंह आदि वहक विजय कुमारी, एक किता बैनामा असल दिनॉकित 28.11.2012 श्रीमती ममता देवी वहक विजय कुमारी, एक किता नकल प्रमाणित सूचना अधिकारी, एक किता फर्द असल को प्रस्तुत किया गया। फर्द सबूत 31 ग के माध्यम से छाया प्रति नोटिस प्रपत्र ग, छाया प्रति निर्णय नियत प्राधिकारी तथा प्रमाणित प्रतिलिपि अपील विजय कुमारी बनाम नियत प्राधिकारी को प्रस्तुत किया गया।

वादिनी की ओर से फर्द सबूत ३६ग१ के माध्यम से एक किता प्रमाणित छाया प्रति करार कागज संख्या–३७ग१/१ लगायत ३७ग१/२२, विजय कुमारी वहक मैसर्स वी बाजार रिटेल, एक किता स्व प्रमाणित करार कागज संख्या–३७ग१/२३ लगायत ३७ग१/३६, विजय कुमारी वहक मनोज कुमार दिनांकित १५.०७.२०१७ एक किता करार पत्र कागज संख्या–३७ग१/३७ लगायत ३७ग१/४८ विजय कुमारी वहक पंजाब नेशनल बैक, पॉच किता विद्युत बिल को

दाखिल किया गया।

आदेश हेतु पत्रावली का परिशीलन किया गया।

वादी को निम्नलिखित तीन आवश्यक तत्व अपनें पक्ष में साबित करना अनिवार्य है।

1. प्रथम दृष्टया केस
2. सुविधा का संतुलन
3. अपूर्णनीय क्षति

**प्रथम दृष्टया केस –**

वादिनी नें प्रार्थना पत्र ६ग २ में यह कथन किया है कि गाटा सं. ७५ रकवा ०.३८८ हे० का बैनामा उसके द्वारा विक्रेतागण से अपनें पक्ष में कराया गया था। जिसके आधार पर वह विवादित भूमि गाटा सं. ७५ पर मालिक काबिज व दखील है। इस हेतु वादिनी द्वारा फर्द सबूत २० ग १ से असल बैनामा प्रस्तुत किया गया है। इसके अतिरिक्त प्रार्थना पत्र ६ग २ के पैरा २ में वादिनी नें यह आधार लिया है कि उक्त भूमि को धारा १४३ उ.प्र. जमीदारी उनमूलन व भूमि सुधार अधिनियम में आबादी घोषित कराया गया था। उक्त आदेश की छायाप्रति १०ग/५० पत्रावली में उपलब्ध है। प्रतिवादी द्वारा अपनी आपत्ति २५क२ के पैरा ३ में वादिनी द्वारा बैनामा किया जाना स्वीकार किया गया है हालांकि प्रतिवादी नें यह आपत्ति की है कि इस बैंनामें में वादिनी नें यह कहीं दर्शित नहीं किया था कि वह होटल या शॉपिंग मॉल का निर्माण करायेगी । वादिनी द्वारा प्रस्तुत किये गये उपरोक्त दस्तावेज से प्रथम दृष्टया वादिनी उपरोक्त भूमि की स्वामिनी प्रतीत होती है। जहाँ तक भूमि के सम्बन्ध में यह उल्लेख किये जाने का प्रश्न है कि वादिनी उक्त भूमि व्यसायिक कार्य करेगी या नहीं , यह सम्पत्ति अन्तरण के आवश्यक तत्वों में नहीं आता है।

वादिनी नें प्रार्थना पत्र ६ग२ के पैरा ३ में यह कथन किया है कि उसके द्वारा नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र जनपद मैनपुरी /उप जिलाधिकारी के समक्ष इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है कि उक्त भूमि पर व्यवसायिक भवन का निर्माण किया जाना है। जिसके अनुक्रम में वादी के अनुसार उक्त भूमि के संदर्भ में व्यवसायिक निर्माण किये जानें हेतु नक्शा सम्बंधित प्राधिकारी द्वारा पास कर दिया गया है। वादिनी नें इसके लिये निर्धारित शुल्क विनियमित क्षेत्र के खाते में जमा किये जानें का कथन भी किया है । वादिनी द्वारा इसके लिये १०ग१/४९ छायाप्रति रसीद प्रस्तुत की है। जिसके अनुसार दिनांक ०२.१२.२००९ को १००५

रू० व २८.०९.२०१२ को ८४४३३रू० विनियमित क्षेत्र के खाते में जमा किये गये है। वादिनी के विद्वान अधिवक्ता द्वारा प्रार्थना पत्र छायाप्रति १०ग१/५२ पर भी ध्यान आकृष्ट कराया गया जिसके अनुसार वादिनी द्वारा नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र के समक्ष विकाश शुल्क जमा किये जानें हेतु समय याचना की गयी जिस पर नियत प्राधिकारी द्वारा आदेश पारित करते हुये वादिनी को ०२ माह का समय उक्त शुल्क अदा किये जानें हेतु प्रदान किया गया। उपरोक्त तथ्यों से यह स्पष्ट होता है कि प्रथम दृष्टया वादिनी द्वारा नियमतः ससमय आवश्यक धनराशि अदा की गयी व नक्शा पास कराया गया। वादिनी नें एक अन्य दस्तावेज १०ग१/५१ प्रस्तुत किया है जिसमें भवन निर्माण अनुज्ञा का स्वीकृत प्रमाण पत्र नियत प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया तथा वादिनी को स्वीकृत मानचित्र अनुसार भवन निर्माण की अनुमति प्रदान की गयी।

प्रतिवादी द्वारा इस आशय की आपत्ति प्रस्तुत की गयी है कि वादिनी द्वारा उक्त नक्शा प्रशासन को गुमराह करके व राजनैतिक पहुँच से उक्त निर्माण कराया गया है तथा उक्त निर्माण बाढ ग्रस्त क्षेत्र में है। अतः उक्त निर्माण अवैध है। जिसके सम्बन्ध में वादिनी के विद्वान अधिवक्ता का यह तर्क है कि वादिनी द्वारा जब उचित धनराशि नियत समय में विनियमित क्षेत्र के खाते में जमा कराया गया और उसके अनुक्रम में विनियमित क्षेत्र द्वारा व्यवसायिक भवन निर्माण हेतु नक्शा पास कराया गया । उक्त नक्शा पास करनें से पूर्व प्रतिवादी द्वारा वादी को क्यों अवगत नहीं कराया गया। इसके सम्बन्ध में मैं यह विचार रखता हूँ कि विनियमित क्षेत्र के समक्ष यह पूर्ण अधिकार था कि वह उक्त भूभाग का परीक्षण कर तदनुसार उचित कार्यवाही करता । यदि उक्त भूभाग बाढ ग्रस्त क्षेत्र में आता है तो ऐसी दशा में से किन कारणों से उक्त नक्शा पास किया गया समझ से परे है। प्रतिवादीगण द्वारा प्रस्तुत की गयी आपत्ति में यह आधार लिया गया है कि सहयुक्त नियोजक आगरा सम्भागीय नियोजन खण्ड नगर एंव ग्राम नियोजन विभाग के आदेशानुसार शिकोहाबाद भोगॉव मार्ग मैनपुरी महायोजना २००१ में ३० मी० चौडाई में प्रस्तावित की गयी है। मार्ग अधिकार सुरक्षित रखनें के बाद गाटा सं. ७५ का प्रयोग मैनपुरी महायोजना में बाढ प्रभावित क्षेत्र में आता है जहां किसी प्रकार के निर्माण की अनुमति नहीं है, किन्तु प्रतिवादी द्वारा इस आशय की कोई पैमाइशी रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गयी है और न ही यह स्पष्ट किया गया है कि यदि उक्त भूभाग बाढ ग्रस्त क्षेत्र में आता था तो सहयुक्त नियोजक आगरा सम्भागीय नियोजन खण्ड नगर एंव ग्राम नियोजन विभाग

द्वारा नियत प्राधिकारी को इस आशय की सूचना ससमय क्यों नहीं दी गयी। जैसा कि पंत्रावली के परिशीलन से स्पष्ट है कि विवादित भूमि का व्यवसायिक नक्शा १६.०८.२०१२ को स्वीकृत हुआ था किन्तु आदेश नियत प्राधिकारी ३२ग१/३ के पैरा २ के अनुसार सहयुक्त नियोजक आगरा सम्भागीय नियोजन खण्ड नगर एंव ग्राम नियोजन विभाग से इस आशय की सूचना कि उक्त भूभाग बाढ ग्रस्त क्षेत्र में आता है पत्रांक सं. ८१८/नि.प्र./आगरा खण्ड /२०१७-१८ दिनांक २६.०५.२०१७ को प्राप्त हुई थी। अत: ऐसे दशा में जब नक्शा २०१२ में स्वीकृत हुआ तो २०१७ में ५ वर्ष बाद इतने विलम्ब से सूचना प्रेषित करनें का क्या कारण था स्पष्ट नहीं किया गया है। वादिनी के अनुसार इन ५ वर्षों में उसके द्वारा उक्त भूमि पर निर्माण कार्य पूर्ण करके व्यवसाय किया जा रहा है।

